देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 04.07.2025

समय 0720

मुख्य समाचार :–

- सरकार ने कांवड़ मेले के दौरान यात्रा मार्गों पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा– भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
- पिथौरागढ़ जिले के 46 सीमांत गांवों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ने की कार्यवाही शुरू। केंद्र सरकार ने जारी किया बजट।
- मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने एनएच पीडब्ल्यूडी सड़कों को दुरुस्त करने के लिए जल्द प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।
- और, प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक मानसूनी बारिश का दौर जारी है। बागेश्वर में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

कांवड़ मेला

प्रदेश सरकार ने कांवड़ मेले के दौरान यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही खाद्य लाइसेंस और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। हरिद्वार में कांवड़ मेले की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ड्रोन और एआई तकनीक की मदद से यातायात व्यवस्था को बेहरत बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी क्षेत्रों में यात्रा मार्ग पर लैंड स्लाइड जोन क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा के दौरान भ्रामक खबरें फैलाने वालों से सख्ती से निपटने के लिए सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर रखने के निर्देश दिए।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने हरिद्वार में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सिर्फ यात्रा की सफलता ही नहीं बल्कि हरिद्वार जैसी पवित्र नगरी की गरिमा और स्वच्छता को बनाए रखना भी है। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं और यात्रियों से घाटों को साफ–सुथरा रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। श्री धामी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया।

उजाला

विकसित भारत की संकल्पना के तहत विद्युत विभाग दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों में शत–प्रतिशत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसके तहत कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले के करीब 46 सीमांत गांवों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

यूपीसीएल रुद्रपुर के मुख्य अभियंता नरेंद्र सिंह टोलिया ने बताया कि दारमा घाटी, व्यास घाटी और जोहार घाटी के करीब 46 गांवों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़कर रोशन किया जाएगा। केंद्र सरकार ने पिथौरागढ़ के लिए 131 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है।

अभी तक ये गांव सोलर पैनल या उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा संचालित सूक्ष्म परियोजनाओं के माध्यम से मिलने वाली बिजली पर निर्भर हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने एनएच पीडब्ल्यूडी सड़कों की बोटल नेक की जानकारी लेते हुए उन्हें दुरुस्त करने के लिए जल्द प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। देहरादून में प्रदेश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने संबंधित जिलाधिकारियों को लंबित प्रकरणों को जल्द निस्तारित करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने ऋषिकेश से शिवपुरी तक बाईपास का विस्तार करने के लिए कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलियासौड़ री–अलाइनमेंट और जोशीमठ बाईपास री–अलाइनमेंट कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग पर कुल 53 कार्य होने हैं, जिनमें से 47 स्वीकृत हो चुके हैं।

मौसम

प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक मॉनसूनी बारिश का दौर जारी है। बारिश और भूस्खलन से प्रदेश के पहाड़ी जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में कई सड़कें अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने सात जुलाई तक प्रदेश में बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने बागेश्वर में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और प्रदेश के बाकी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। यह स्थिति अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी। विभाग ने आम नागरिकों विशेषकर चारधाम यात्रियों से मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी है।

सांसद अनिल बलूनी

लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्रतिदिन आपदा के आंकड़े उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्री बलूनी ने पौड़ी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी और नैनीताल जिलों के जिलाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर उनसे आपदा प्रबंधन और राहत व बचाव कार्यों की जानकारी ली।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

पौड़ी जिले में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। इसी के तहत पीठासीन और प्रथम मतदान अधिकारियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। पहले दिन कार्यशाला में 711 पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि पीठासीन व प्रथम मतदान अधिकारियों का यह प्रशिक्षण आठ चरणों में किया जायेगा। जिसमें प्रतिदिन सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफल बनाने की अपील की।

वहीं, जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया दो जुलाई से शुरू हो गई है। इसके तहत पौड़ी में जिला पंचायत सदस्य के कुल 37 पदों के लिए अब तक 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला पंचायत सदस्य नामांकन के रिटर्निंग अधिकारी डॉ. वीके यादव ने बताया कि जिले में अब तक 204 नामांकन आवेदन पत्र बिक चुके हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घाना की यात्रा को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसी खबर पर अमर उजाला ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– स्थिर व समृद्ध विश्व में योगदान देगा मजबूत भारत। हिंदुस्तान का शीर्षक है– भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– ग्लोबल साउथ को आवाज दिये बिना प्रगति संभव नहीं।

रक्षा मंत्रालय की करीब एक लाख करोड़ रूपये के सैन्य साजो– सामान व उपकरणों से लैस हथियारों की खरीद के प्रस्ताव की मंजूरी की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– एक लाख करोड़ से तीनों सेनाएं घातक हथियारों से होंगी लैस।

उत्तराखंड में सरकारी खर्च पर एमबीबीएस कर गैरहाजिर चल रहे बांडधारी डाक्टरों पर दैनिक जागरण ने सरकार के हवाले से लिखा है– गैरहाजिर बांडधारी 234 चिकित्सक होंगे बर्खास्त।

बर्मिंधम में भारत इंगलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के 269 रनों की ऐतिहासिक पारी की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– गिल ने रिकार्ड की झडी लगाई।